न्यायालय सहायक कलेक्टर, डीडवाना

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

पीठासीन अधिकारीः– श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S

इजराय प्रार्थना–पत्र संख्याः– **02/2016** दायर दिनाँक **26.12.2016**

प्रार्थी		अप्रार्थीगण
1. लूणाराम पुत्र ज्वाराराम, जाति–गुर्जर, निवासी–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, वगैरा।

इजराय प्रार्थना–पत्र

उपस्थितः–

1. श्रीमती सन्तोष जाजू, अधिवक्ता, प्रार्थी।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक **11.12.2017**

इजराय के तथ्य संक्षेप इस प्रकार है कि, प्रार्थना–पत्र में वर्णित उक्त वाद पेश हुआ, जिसको दर्ज रजिस्टर संख्या 268/2014 पर दर्ज किया जाकर, निर्णय दिनाँक 24.03.2015 को हुआ।

प्रार्थी/वादी ने प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उक्त वाद संख्या 268/2015 निर्णय दिनाँक 24.03.2015 की पालना करवायी जावे। प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार डीडवाना से इस बारे में रिपोर्ट मांगी गयी कि उक्त निर्णय की पालना में क्या अड़चन है?, परन्तु बार–बार इस हेतु लिखने के बाद भी तहसीलदार डीडवाना द्वारा कोई रिपोर्ट अपनी ओर से पेश नहीं की जिससे इसके निस्तारण में विलम्ब का होना रहा।

उक्त वाद संख्या 268/2015 निर्णय दिनाँक 24.03.2015 की पालना हेतु न्यायालय हाजा द्वारा उक्त निर्णय की प्रति तहसीलदार डीडवाना को प्रेषित कर निर्देश दिया गया था कि निर्णय की पालना करें और इसमें अगर कोई कानूनी अड़चन हो तो इस न्यायालय को अवगत करावें। परन्तु तहसीलदार डीडवाना द्वारा उक्त निर्णय की पालना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

आदिनाँक तक नहीं की है व न ही ऐसा नहीं करने के लिए, किसी कारण से इस न्यायालय को अवगत कराया है।

अतः तहसीलदार डीडवाना को आदेश दिया जाता है कि न्यायालय हाजा के राजस्व वाद पत्र संख्या 268/2014 निर्णय दिनाँक 24.03.2015 की पालना आज ही कर, इस न्यायालय को अवगत करावे। आदेश की पालना नहीं करने पर आपके विरूद्ध अवमानना की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(उत्तमसिंह शेखावत)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक 11.12.2017 को सरे इजलास सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

क्रमांकः–02–2016/रीडर/2017/ 1166 दिनाँक 20/12/17

प्रेषितिः–

तहसीलदार
डीडवाना।

विषयः –निर्णय की पालना करने बाबत्।

इजराय प्रार्थना–पत्र

प्रार्थी		अप्रार्थीगण
1. लूणाराम पुत्र ज्वारारामम, जाति–गुर्जर, निवासी–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, वगैरा।

उपरोक्त विषयक वर्णित प्रकरण में पारित निर्णय की छायाप्रति संलग्न पालनार्थ प्रेषित है। निर्णयानुसार पालना कर पालना रिर्पोट भिजवायें, बशर्ते किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन व राज्यहित प्रभावित नहीं हो।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner